# अध्याय 3: आप्रवासन मामले

## पहचान-पत्र के लिए आवेदन

आपको हांगकांग में अपने आगमन के 30 दिनों के अंदर एक हांगकांग पहचान-पत्र (ID कार्ड) प्राप्त कर लेना चाहिए। आपका पहला ID कार्ड निःशुल्क है।

अपना पहचान-पत्र प्राप्त करने के लिए, नीचे सूचीबद्ध आप्रवासन विभाग में व्यक्तियों का पंजीकरण कार्यालय में आवेदन करें। अपने साथ आपका पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेज लाना याद रखें।

| कार्यालय का नाम | पता | टेलीफोन | फैक्स |
|---|---|---|---|
| Registration of Persons - Hong Kong Office | 8/F, Immigration Tower<br>7 Gloucester Road<br>Wan Chai, Hong Kong<br>(MTR Wan Chai Station – Exit A5) | 2824-6111 | 2824-1810 |
| Registration of Persons - Kowloon Office | 3/F, Cheung Sha Wan Government Offices<br>303 Cheung Sha Wan Road<br>Kowloon (MTR Sham Shui Po Station – Exit C1) | 2150-7933 | 2369-4825 |
| Registration of Persons - Kwun Tong Office | Office 3, 2/F<br>Manulife Financial Centre<br>223-231 Wai Yip Street<br>Kwun Tong, Kowloon<br>(MTR Kwun Tong Station – Exit B1) | 2755-9545 | 2795-3625 |
| Immigration and Registration of Persons - Fo Tan Office | Shops 405-407, 4/F<br>Jubilee Square<br>2-18 Lok King Street<br>Fo Tan, NT<br>(MTR Fo Tan Station – Exit C) | 2653-3116 | 2650-4766 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Immigration and Registration of Persons - Yuen Long Office | 1/F,Yuen Long Government Offices, 2 Kiu Lok Square Yuen Long, NT (MTR Long Ping Station – Exit E) (Light Rail Hong Lok Road Station) | 2475-4114 | 2474-3962 |

समय बचाने के लिए, आपको **2598-0888** पर कॉल करके या आप्रवासन विभाग की मोबाइल एप्लीकेशन या वेबसाइट www.gov.hk/en/residents/immigration/idcard/hkic/bookregidcard.htm के द्वारा मुलाकात तय करने के लिए 24-घंटे मुलाकात बुकिंग प्रणाली का उपयोग करने की सलाह दी जाती है।

***चेतावनी:***
***पंजीकरण अधिकारियों को हमेशा सही विवरण दीजिए। अन्यथा, आपको जेल और जुर्माना हो सकता है।***

## ID कार्ड की संभाल करना

ID कार्ड एक बहुत महत्वपूर्ण दस्तावेज है, और कानून के अनुसार आपको इसे हमेशा अपने पास रखना चाहिए। इसे अपने बटुए और पर्स में रखें जहां आपको यह आसानी से मिल सके, और जहां यह सही स्थिति में रहे।

समय-समय पर पुलिस आपको अपना ID कार्ड दिखाने के लिए कह सकती है। यह उनके कार्य का रूटीन हिस्सा है इसलिए परेशान मत हों।

याद रखने योग्य दो अन्य महत्वपूर्ण बिंदु हैं:

- यदि आपका पहचान-पत्र गुम हो जाए, खराब या क्षतिग्रस्त हो जाए, तो आपको 14 दिनों के अंदर इसकी सूचना व्यक्तियों का पंजीकरण कार्यालय में देकर एक नये पहचान-पत्र के लिए आवेदन करना चाहिए।
- यदि आपके "पंजीकृत विवरण" (जैसे वैवाहिक स्थिति, पता आदि) में कोई बदलाव होता है तो आपको व्यक्तियों का पंजीकरण कार्यालय में सूचित करना चाहिए।

## निवासी के लिए

### *आश्रित वीजा*

आश्रित वीजा के लिए आवेदन व्यक्ति के हांगकांग में आने से पहले करना चाहिए, और व्यक्ति के मूल आवास के निकटतम विदेशी चीनी राजनयिक और दूतावास मिशन को आवेदन करना चाहिए। वैकल्पिक रूप से आवेदन सीधे डाक द्वारा या हांगकांग में प्रायोजक द्वारा हांगकांग आप्रवासन विभाग को इस पते पर भेजा जा सकता है:

**Receipt and Despatch Sub-unit, Immigration Department**
2/F, Immigration Tower, 7 Gloucester Road, Wan Chai, Hong Kong

आपको आवेदन की विस्तृत आवश्यकताओं के बारे में आप्रवासन विभाग से जांचने की सलाह दी जाती है। एक "Guidebook for Entry for Residence as Dependants in Hong Kong" (ID(E) 998) भी उपलब्ध है जिसे आप्रवासन विभाग के सूचना और संपर्क सेक्शन, 2/F, Immigration Tower, 7 Gloucester Road, Wan Chai, Hong Kong या आप्रवासन विभाग की वेबसाइट www.immd.gov.hk से डाउनलोड किया जा सकता है। सामान्यत: आवेदन के समर्थन में निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने चाहिएं:

- आश्रितों के साथ प्रायोजक के संबंध का प्रमाण; और
- प्रायोजक की वित्तीय स्थिति और आवास का प्रमाण

### *आवास का अधिकार*

प्रत्येक व्यक्ति की परिस्थितियों के आधार पर आवास का अधिकार एक जटिल मुद्दा हो सकता है। आपको आवेदन प्रस्तुत करते समय हागकांग में वैध तरीके से ठहरे हुए हुआ होना चाहिए। पूछताछ के लिए, कृपया आप्रवासन विभाग की हॉटलाइन **2824-6111**.पर कॉल करें। एक पुस्तिका "Right of Abode in the HKSAR" भी है जिसे आप्रवासन विभाग के सूचना और संपर्क सेक्शन, 2/F, Immigration Tower, 7 Gloucester Road, Wan Chai, Hong Kong से प्राप्त किया जा सकता है।

### *विवाह पंजीकरण*

यदि आपका हांगकांग में विवाह करने का इरादा है तो विवाह चाहे रजिस्ट्रार द्वारा एक मैरिज रजिस्ट्री में हो,किसी सक्षम पुरोहित द्वारा लाइसेंसशुदा पूजा स्थल में या हांगकांग में किसी अन्य स्थान पर हो, आपको निर्धारित फार्म में अभिष्ट विवाह की अग्रिम सूचना विवाह रजिस्ट्री में व्यक्तिगत रूप से या विवाहों के नागरिक अनुष्ठाता के माध्यम से देनी होगी। व्यक्तिगत रूप से सूचना देने के लिए, आपको **3102-3883** पर कॉल करके या आप्रवासन विभाग की वेबसाइट www.gov.hk/en/residents/immigration/bdmreg/marriage/bookgivingmarriage.htm के द्वारा मुलाकात तय करने के लिए 24-घंटे मुलाकात बुकिंग प्रणाली का उपयोग करने की सलाह दी जाती काउंटर पर सूचना देने में प्रक्रिया समय को कम करने के लिए, आपको सूचना देने के लिए मुलाकात की सफलतापूर्वक बुकिंग के ठीक बाद अग्रिम तौर पर सूचना-पत्रक "Information Required for Registration of Marriage" (Form MR21B) ऑनलाइन जमा करने की सलाह भी दी जाती है।

यदि आप निर्णय लेते हैं कि आपके विवाह का समारोह विवाहों के नागरिक अधिष्ठाता द्वारा संपन्न किया जाए, आप आप्रवासन विभाग की वेबसाइट www.immd.gov.hk/eng/services/marriage/Civil_Celebrants_of_Marriage_Scheme.html पर "नियुक्त किए गए विवाहों के अधिष्ठाताओं की सूची" और अन्य अद्यतन जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

विवाह पंजीकरण के बारे में और अधिक जानकारी के लिए कृपया आप्रवासन विभाग की वेबसाइट: www.immd.gov.hk पर विजिट करें। आप "विवाह पंजीकरण के लिए आवेदन कैसे करें" और "विवाह करने वाले पक्षों के लिए सूचना पत्रक" पर्चे का भी अध्ययन कर सकते हैं जिसे आप्रवासन विभाग के सूचना और संपर्क सेक्शन, 2/F, Immigration Tower, 7 Gloucester Road, Wan Chai, Hong Kong से प्राप्त किया जा सकता है।

***जन्म का पंजीकरण***

बर्थ एण्ड डेथ रजिस्ट्रेशन ऑर्डिनेंस (Cap 174) के सेक्शन 7 के अंतर्गत प्रत्येक जन्म लेने वाले बच्चे के माता-पिता को बच्चे के जन्म के बाद 42 दिनों की अवधि में जन्म रजिस्टरी में बच्चे के जन्म पंजीकरण के लिए आवेदन करना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर कानूनी रूप से आवश्यक बच्चे के जन्म का पंजीकरण करवाने में विफल रहता है तो या एक आपराधिक कृत्य है। अपराधी अधिकतम $ 2,000 जुर्माने और छह माह तक तक जेल की सजा के लिए जवाबदेह हैं। माता-पिता के लिए कानून के अनुसार उनके बच्चों के जन्म का पंजीकरण करवाना आवश्यक है, ताकि उनके बच्चों के चिकित्सा उपचार, शिक्षा और कल्याणकारी लाभों संबंधी अधिकारों को वंचित करने से बचाव किया जाए।

हॉस्पिटल में नए-जन्मे बच्चे के लिए जन्म पंजीकरण करवाने में बच्चे की उपस्थिति आवश्यक नहीं हैं, परंतु यात्रा दस्तावेजों के लिए बाद में आवेदन करने के लिए आवश्यक है।

एक बच्चे के जन्म पंजीकरण के लिए निम्नलिखित मूल दस्तावेज आवश्यक हैं:

- माता-पिता का विवाह प्रमाण-पत्र (यदि विवाह प्रमाण-पत्र चीना या अंग्रेजी भाषा में नहीं हैं तो उसका प्रमाणित अनुवाद आवश्यक है); और
- माता-पिता के हांगकांग के स्थाई पहचान-पत्र (हांगकांग के स्थाई निवासियों के लिए); या
- माता-पिता के पहचान-पत्र और वैध यात्रा दस्तावेज (जैसे पासपोर्ट, पहचान के दस्तावेज आदि) (हांगकांग के निवासियों के लिए); या

- माता-पिता के यात्रा दस्तावेज उनके हांगकांग में पहुँचने पर (जैसे पासपोर्ट, हांगकांग और मकाओ में आने और जाने के निकास-प्रवेश परमिट आदि) (हांगकांग के गैर निवासियों के लिए)

उपरोक्त वर्णित दस्तावेज सामान्यत: इमीग्रेशन ऑर्डिनेंस (कैप.115) के अंतर्गत बच्चे के हांगकांग का स्थाई निवासी होने की स्थिति की पुष्टि करने के लिए पर्याप्त हैं। मामले की प्रकृति के आधार पर आपके लिए अन्य सहायक दस्तावेज प्रस्तुत करना अपेक्षित हो सकता है।

कृपया रिकॉर्ड रखने के उद्देश्यों से उन दस्तावेजों की फोटो प्रति प्रदान करें जो हांगकांग इमीग्रेशन डिपार्टमेंट द्वारा जारी नहीं किए गए हैं।

यदि जन्म का पंजीकरण 42 दिनों की अवधि में करवाया जाता है तो कोई पंजीकरण शुल्क अपेक्षित नहीं है। परंतु, जन्म पंजीकरण के बाद प्राप्त की जाने वाली जन्म प्रविष्टि की प्रत्येक प्रमाणित प्रति के लिए शुल्क लिया जाएगा।

व्यक्तिगत रूप से सूचना देने के लिए, आपको **2598-0888** पर कॉल करके या वेबसाइट
www.gov.hk/en/residents/immigration/bdmreg/birth/birthreg/boo
k birthreg.htm.के द्वारा मुलाकात तय करने के लिए 24-घंटे मुलाकात बुकिंग प्रणाली का उपयोग करने की
जरूरत होगी। आपको यह पुष्टि करने के लिए संबंधित हॉस्पिटल से पूछताछ करनी चाहिए कि मुलाकात के लिए बुकिंग करने से पहले जन्म विवरणी रजिस्ट्रार के पास भेज दी गई है। काउंटर पर जन्म पंजीकरण के प्रक्रिया समय को कम करने के लिए, आपको जन्म पंजीकरण के लिए मुलाकात की सफलतापूर्वक बुकिंग के ठीक बाद अग्रिम तौर पर सूचना-पत्रक "Information Required for Registration of Birth" (Form BDR93A) ऑनलाइन जमा करने की सलाह भी दी जाती है।

जन्म पंजीकरण के बारे में और अधिक जानकारी के लिए कृपया आप्रवासन विभाग की वेबसाइट: www.immd.gov.hk पर विजिट करें। आप "जन्म पंजीकरण के लिए आवेदन कैसे करें" पर्चे का भी अध्ययन कर सकते हैं जिसे आप्रवासन विभाग

के सूचना और संपर्क सेक्शन, 2/F, Immigration Tower, 7 Gloucester Road, Wan Chai, Hong Kong से प्राप्त किया जा सकता है।

*मृत्यु पंजीकरण*

संबंधित अध्यादेश के अंतर्गत, यह सूचना देने वाले (मृतक के निकट रिश्तेदार या अन्य संबंधित व्यक्ति) का यह कर्तव्य होगा कि प्राकृतिक कारणों से होने वाली किसी भी मृत्यु का पंजीकरण 24 घंटे के अंदर करवाएं।

सामान्यतया, मृतके के रिश्तेदार अर्थात सूचना देने वाले को मृत्यु पंजीकरण के लिए निम्नलिखित दस्तावेज साथ लाने चाहिएं:

- मृतक की अंतिम बिमारी के दौरान उसका उपचार करने वाले पंजीकृत चिकित्सक द्वारा हस्ताक्षरित "Medical Certificate of the Cause of Death" (Form 18);
- मृतक का हांगकांग का पहचान-पत्र / यात्रा दस्तावेज; और
- सूचना प्रदाता का हांगकांग का पहचान-पत्र / यात्रा दस्तावेज।

सूचना प्रदाता को पंजीकरण के उद्देश्य से रजिस्ट्रार को अन्य जानकारी जैसे मृतक का व्यवसाय, राष्ट्रीयता, वैवाहिक स्थिति आदि प्रदान करना आवश्यक है।

पंजीकरण के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। परंतु, मृत्यु पंजीकरण के बाद प्राप्त की जाने वाली मृत्यु प्रविष्टि की प्रत्येक प्रमाणित प्रति के लिए शुल्क लिया जाएगा।

अस्वाभाविक कारणों (जैसे जहर, हिंसा आदि) से मृत्यु के स्थिति में ऐसा मामला मृत्यु समीक्षक को बताया जाएगा। मृत्यु का कारण निर्धारित करने के लिए मृत्यु समीक्षक एक पोस्ट-मार्टम परीक्षण या तहकीकात कर सकता है। सामान्यत: मृत्यु समीक्षक को मृत्यु के कारण की जाँच करने में लगभग एक से छह माह तक का समय लगता है। जब मृत्यु का कारण निर्धारित हो जाए और मृत्यु समीक्षक द्वारा सूचित करने के बाद एक सप्ताह के अंदर रजिस्ट्रार द्वारा मृत्यु को पंजीकृत कर दिया जाएगा, जो बदले में मृतक के रिश्तेदार को पत्र द्वारा सूचित करेगा। ऐसे मामलों में सभी पूछताछ जन्म और मृत्यु महा-रजिस्ट्रार कार्यालय को **2867-2784**.पर निर्देशित की जानी चाहिएं।

मृत्यु पंजीकरण के बारे में और अधिक जानकारी के लिए कृपया आप्रवासन विभाग की वेबसाइट: www.immd.gov.hk पर विजिट करें। आप "मृत्यु पंजीकरण के लिए आवेदन कैसे करें" पर्चे का भी अध्ययन कर सकते हैं जिसे आप्रवासन विभाग के सूचना और संपर्क सेक्शन, 2/F, Immigration Tower, 7 Gloucester Road, Wan Chai, Hong Kong से प्राप्त किया जा सकता है।

## विदेशी घरेलू नौकर के लिए

***मेरा वीजा कब समाप्त होगा?***

हांगकांग में आपके आगमन पर, आपके पासपोर्ट पर एक लैंडिंग पर्ची लगा दी जाती है जिसमें स्पष्ट उल्लेख होता है आप यहां कब तक ठहर सकते हैं। यदि आप एक नया रोजगार अनुबंध आरंभ करने के लिए आते हैं तो हांगकांग में आपके ठहरने की सीमा सामान्य तौर पर दो वर्ष होगी। परंतु, यदि आप एक-वर्ष की विस्तार अवधि के अंदर गृह अवकाश लेने के बाद अपना अनुबंध जारी रखने के लिए हांगकांग में प्रवेश करते हैं तो आप देखेंगे कि आपके पासपोर्ट में लैंडिंग पर्ची पर आपके ठहरने की सीमा निर्दिष्ट की गई है। यदि आप समय-पूर्व सेवामुक्त कर दिए जाते हैं, तो आप ठहरने की अनुमत सीमा की शेष अवधि के लिए या अनुबंध समाप्त होने की तिथि से दो सप्ताह तक जो भी कम हो, हांगकांग में ठहरने की अनुमति दी जाएगी।

***चेतावनी:***

1. ***यह गलतफहमी न करें कि आपके अनुबंध पर समाप्ति तिथि आपके हांगकांग में ठहरने की अंतिम तिथि है। वास्तविक अंतिम तिथि आपके पासपोर्ट में लैंडिग पर्ची पर निर्दिष्ट ठहरने की सीमा है।***

2. ***अनुमत अवधि से अधिक ठहराव मत करें। आपको जेल और जुर्माना हो सकता है। आपकी सजा पूरी होने के बाद आपको हांगकांग से निकाला भी जा सकता है।***

***हांगकांग में पुन: प्रवेश***

HKSAR के अस्थाई निवासियों (विदेशी घरेलू नौकरों सहित), उनकी राष्ट्रीयता और उनके द्वारा धारित यात्रा दस्तावेज पर ध्यान दिए बगैर हांगकांग में प्रवेश करने के लिए पुन: प्रवेश वीजा की आवश्यकता नहीं होगी बशर्ते वे अपने ठहरने की सीमा के अंदर लौट आएं और जिन परिस्थितियों में उन्होंने निवासी दर्जा हासिल किया था उनमें कोई बदलाव नहीं हो।

***रोजगार वीजा का नवीकरण***

यदि आपका अनुबंध पूरे 2 साल चला है ("पूर्ण अनुबंध"), तो आप उसी नियोक्ता के पास अनुबंध के नवीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। आपको "Visa / Extension of Stay Application Form for Domestic Helper from Abroad" (ID 988A) पूरा करना होगा जबकि आपके नियोक्ता को "Application for Employment of Domestic Helper from Abroad" (ID 988B) पूरा करना होगा।

सामान्य परिस्थितियों में आपको अपना अनुबंध पूरा होने के बाद अपने मूल स्थान लौट जाना चाहिए और नया अनुबंध आरंभ करने के लिए हांगकांग लौटने के हेतु वीजा के लिए आवेदन करना चाहिए। यदि परिस्थितियां आपको पुराना अनुबंध समाप्त होने के तुरंत बाद अवकाश पर अपने मूल स्थान पर लौटने की अनुमति न दें तो आपके नियोक्ता के साथ परस्पर समझौते के शर्ताधीन आप छुट्टी अवकाश को स्थगित करके ठहरने की अवधि का विस्तार करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। आपको और आपके नियोक्ता को आवेदन के लिए क्रमश: ID 988A और ID 988B के संबंधित भाग पूरे करने होंगे। आवेदन करने पर, विस्तार शुल्क का भुगतान करने पर सामान्यत: आप्रवासन निदेशक द्वारा एक वर्ष से अनधिक ठहराव का विस्तार दिया जा सकता है। आपको विस्तार की एक वर्ष की अवधि के अंदर अपने मूल स्थान पर लौटने की व्यवस्था कर लेनी चाहिए और अनुबंध पूरा करने के लिए हांगकांग में प्रवेश करने हेतु वीजा (वीजा शुल्क छूट मिलने और ठहराव का विस्तार के अनुरूप वैधता सहित) का प्रयोग करना चाहिए।

समान नियोक्ता के साथ अपना रोजगार जारी रखने के लिए अपने रोजगार वीजा का नवीकरण करने के लिए, आपको नियोक्ता के साथ एक नया रोजगार अनुबंध करना चाहिए। आवेदन के विवरण के लिए, कृपया “Guidebook for the Employment of Domestic Helpers from Abroad” (ID(E) 969) और “Quick Guide for the Employment of Domestic Helpers from Abroad” (ID(E) 989). का संदर्भ देखें। आपको मौजूदा अनुबंध की समाप्ति से आठ सप्ताह पहले उसी नियोक्ता के साथ रोजगार वीजा के नवीकरण के लिए निम्नलिखित पतों पर पर अपना आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए:

| | |
|---|---|
| Foreign Domestic Helpers Section | 3/F, Immigration Tower<br>7 Gloucester Road, Wan Chai, Hong Kong |
| East Kowloon Office | Level 2, Sceneway Plaza, Sceneway Garden<br>1-17 Sceneway Road, Lam Tin, Kowloon |
| West Kowloon Office | G/F, 28 Kimberley Street, Tsim Sha Tsui<br>Kowloon |
| Sha Tin Office | 3/F, Sha Tin Government Offices<br>1 Sheung Wo Che Road, Sha Tin, NT |
| Fo Tan Office | Shops 405-407, 4/F, Julibee Square<br>2-18 Lok King Street, Fo Tan, NT |
| Yuen Long Office | 1/F, Yuen Long Government Offices<br>2 Kiu Lok Square, Yuen Long, NT |

व्यक्तिगत तौर पर जमा करने के अलावा, ऐसे आवेदन निम्नलिखित तरीके से भी किए जा सकते हैं:

(a) डाक द्वारा - विदेशी घरेलू नौकर अनुभाग को संबोधित करते हुए;

(b) ड्रॉप-इन - विदेशी घरेलू नौकर अनुभाग में डॉप-इन बॉक्स उपलब्ध करवाए गए हैं; और

(c) ऑनलाइन
www.gov.hk/en/residents/immigration/nonpermanent/apply
extensionstay/index.htm.

***आवास का अधिकार***

यदि आपको घरेलू नौकर के रूप में रोजगार के लिए हांगकांग में प्रवेश मिल जाता है, तो आप यहां अपने निवास के माध्यम से आवास का अधिकार प्राप्त नहीं कर सकते हैं और आप हांगकांग के स्थाई पहचान-पत्र के हकदार भी नहीं हैं।

## आयातित कामगारों के लिए

यदि आप पूरक श्रम योजना के अंतर्गत आयातित कामगार के रूप में हांगकांग आते हैं तो रोजगार अनुबंध को पूरा करने के लिए ठहराव की सीमा समाप्त होने से चार सप्ताह के अंदर HKSAR में काम करने के लिए ठहरने की अवधि के विस्तार के लिए आवेदन कर सकते हैं। ठहरने की अवधि के विस्तार के लिए आवेदन इन्हें प्रस्तुत करना चाहिए:

**Quality Migrants and Mainland Residents Section,**
**Immigration Department**
6/F, Immigration Tower, 7 Gloucester Road, Wan Chai, Hong Kong

आवेदन विवरण के लिए, कृपया "Guidebook for Entry for Employment as Imported Workers in Hong Kong" (ID(E) 1002) का संदर्भ देखें।

***आवास का अधिकार***

यदि आपको एक आयातित कामगार के रूप में रोजगार के लिए हांगकांग में प्रवेश मिल जाता है, तो आप यहां अपने निवास के माध्यम से आवास का अधिकार प्राप्त नहीं कर सकते हैं और आप हांगकांग के स्थाई पहचान-पत्र के हकदार भी नहीं हैं।

## पूछताछ

आप्रवासन मामलों के बारे में पूछताछ के लिए, कृपया संपर्क करें:

**Information and Liaison Section, Immigration Department**
2/F, Immigration Tower, 7 Gloucester Road, Wan Chai, Hong Kong

टेली: **2824-6111**
फैक्स: **2877-7711**
ईमेल: enquiry@immd.gov.hk
वेबसाइट: www.immd.gov.hk

## टिप्पणियां और सुझाव

यदि आप आप्रवासन विभाग द्वारा आपको प्राप्त सेवा से संतुष्ट नहीं हैं तो कृपया:

- उसी स्थान पर ऑफिसर-इन-चार्ज को बताएं; या
- कार्यालय समय के दौरान कस्टमर सर्विसेज यूनिट को इन पर टेलीफोन करें **2829-4141** या **2829-4142**; या
- चीफ इमीग्रेशन ऑफिसर (मैनेजमेंट ऑडिट) को लिखें
  - डाक द्वारा Immigration Tower, 7 Gloucester Road, Wan Chai, Hong Kong; पर या
  - ई-मेल द्वारा enquiry@immd.gov.hk; या
  - फैक्स द्वारा **2827-0662** पर।